“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः आषाढ़ 01, 1944
मंगलवारः 21 जून 2022

रक्षा मंत्री अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ नई दिल्ली में 22 जून को द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, सहयोग प्रगाढ़ करने पर होगी बातचीत

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री श्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ नई दिल्ली में 22 जून 2022 को द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों मंत्री भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए नई पहलों पर विचार करेंगे। वे साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

श्री रिचर्ड मार्ल्स अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा के पहले चरण में 20 जून 2022 को गोवा पहुंचे। उन्होंने आज गोवा शिपयार्ड लिमिटेड का दौरा किया और गोवा प्रवास के दौरान आईएनएस हंस का दौरा भी करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जून 2020 से एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी चली आ रही है और रक्षा इस साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ है। यह साझेदारी मुक्त, खुले, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। दोनों लोकतंत्रित राष्ट्रों का पूरे क्षेत्र की शांति और समृद्धि में समान हित है।

एबीबी/डीएस/आरपी